# समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त

जल जीवन मिशन (नमामि गंगे) के तहत जनपद जालौन में दिनांक 03.01.2025 को निर्माणाधीन कार्यों की अद्यतन प्रगति की समीक्षा बैठक अधोहस्ताक्षरी की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक में उपस्थिति निम्नवत् रही –

1. श्री प्रेमचन्द मौर्य, अपर जिलाधिकारी, (नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति), जालौन।
2. श्री अंचल कुमार गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
3. श्री शिवपूजन सिंह, सहायक अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
4. श्री धर्मेन्द्र पठवार, श्री अजय कुमार, श्री संजय कुमार, जूनियर इंजीनियर, जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
5. श्री अखिलेश कुमार (सिविल), श्री गगन दीक्षित, सहायक अभियन्ता, (वि0/यॉ0), एस0डब्ल्यू0एस0एम0, जालौन।
6. श्री विवेक कुमार गुप्ता, संगम एवं जयन्ती, जूनियर इंजीनियर एस0डब्ल्यू0एस0एम0, जालौन।
7. श्री के0वी0 सत्यनारायण, सुपरविजन इंजीनियर, पी0एम0सी0 आरवी एसोसिएटस, जालौन।
8. श्री श्याम नारायण दुबे, सोशल एक्सपर्ट, पी0एम0सी0 आरवी एसोसिएटस, जालौन।
9. श्री कृष्णा राजपूत, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0, जालौन।
10. श्री फैजल अहमद, क्यू0ए0क्य0सी0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0, जालौन।
11. श्री बृजेन्द्र कुमार, क्यू0ए0क्य0सी0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0, जालौन।
12. श्री राजकुमार सैनी, पी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0।
13. श्री प्रमोद वड़क, डी0पी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0।
14. श्री नागेश, पी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0।
15. श्री विजोय कुमार पटनायक, पी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा अवगत कराया गया कि कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के द्वारा सला ग्राम समूह पेयजल योजना के अन्तर्गत अनुबन्ध संख्या 32/ई0डी0/2020–21 के सापेक्ष कराये जा रहे कार्यों की प्रगति निम्नवत है।

## 1– सला ग्राम समूह सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

सला इन्टेकवेल के अन्तर्गत 01 **Inlet Sluice Gate** लगाने एवं स्काडा को क्रियाशील किये जाने का कार्य शेष है। डब्ल्यू0टी0पी0 के अन्तर्गत स्काडा को सभी सी0डब्ल्यू0आर0 से जोड़ते हुये क्रियाशील किये जाने का कार्य एवं 30 मीटर बाउन्ड्रीवाल का कार्य शेष है। **Cascade Aerator** में क्षतिग्रस्त Tiles को बदलने का कार्य, रॉ–वाटर चैनल पर **Epoxy** पेन्टिगं एवं **Aerator** पर **MS** प्लेट लगाने का कार्य शेष है। **WTP** पर संचालन एवं अनुरक्षण हेतु **Skilled Engineer** की कमी है। सभी **CWR** पर **Chlorination room** के अन्तर्गत डोजिंग पम्प अधिष्ठापन का कार्य, रेलिंग, रैम्प निर्माण, स्लूस वाल्व चेम्बर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। **56** नग ओवर हैड टैंक **(OHT)** के सापेक्ष **55 OHT** का सिविल कार्य किया गया है। शेष **01 OHT** पर अत्यन्त धीमी गति से कार्य किया जा रहा है। सभी ओ0एच0टी0 के **Down Pipe, Railing, Floor** एवं **Valve Chamber**, Mane hole cover, Water level Indicator का कार्य पूर्ण नहीं है। राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली के अन्तर्गत **Gap Jointing, T-Bend & Sluice Valve** का कार्य शेष है। **71** कैनाल क्रॉसिंग के सापेक्ष **08** पर कार्य अनारम्भ है। गृह संयोजन का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु **20** टीम के सापेक्ष केवल **06** टीम कार्यरत है। **सीडब्ल्यूआर एवं ओ0एच0टी0 के Campus Development का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा बाउण्ड्रीवाल में प्लास्टर, प्वान्टिंग, गेट लगाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है।** कमिशनिंग का कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है, आवश्यक **40** टीम के सापेक्ष केवल **10** टीम कार्यरत है। उक्त योजना में **DI & HDPE** पाइप लाइन को कमिशनिंग किये जाने, गैप क्लोजिंग किये जाने, स्लूश वाल्व अधिष्ठापन किये जाने का कार्य, रोड रेस्टोरेशन, गृह संयोजन आदि कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु **आवश्यक 820 मैनपावर के सापेक्ष केवल 329 कार्यरत है। एजेन्सी द्वारा सभी ग्रामों को कमिशन कर 01 जनवरी.,**

03/01/2025

Scanned with OKEN Scanner

2025 से ट्रायल एण्ड रन प्रारम्भ किये जाने हेतु प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, परन्तु गत 01 माह में एजेन्सी द्वारा अपेक्षित कार्यों में अप्रत्याशित देरी की गयी है।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के पी0एम0 श्री नागेश द्वारा राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली के अन्तर्गत सभी गैप क्लोजिंग पूर्ण किये जाने का कार्य, **Sluice Valve** एवं **Air Valve** अधिष्ठापन का कार्य, शेष ग्रामों में कमिशिनिंग के कार्य को पूर्ण कर सभी ग्रामों में जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने का कार्य 31.01.2025 तक पूर्ण करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के वावजूद कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 के कार्य में समयावधि में कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।

(कार्यवाही अपेक्षित– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/श्री नागेश, पी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0)

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा अनुबन्ध संख्या 35/ई0डी0/2020–21 के सापेक्ष कराये जा रहे सतही स्रोत आधारित रायपुरा, मढ़ेपुरा, कोटा मुस्तकिल एवं 256 भूजल आधारित पेयजल योजनाओं की प्रगति निम्नवत पाई गयी–

1–रायपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

इन्टेकवेल मे **EOT Crane, JJM Logo** एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। **EOT Crane** एवं स्काडा की सामग्री वर्तमान तक कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा क्रय नही की गयी है। डब्ल्यू0टी0पी0 में क्लोरिनेशन का कार्य एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। डब्ल्यू0टी0पी0 के अन्तर्गत जल परीक्षण प्रयोगशाला में जल नमूनों के परीक्षण हेतु आवश्यक सामग्री (**Chemicals**) उपलब्ध नहीं है। योजना के तहत् 07 सी0डब्ल्यू0आर0 के सापेक्ष 03 सी0डब्ल्यू0आर0 में पैनल अधिष्ठापन, केबल ट्रे लगाये जाने एवं केबल बिछाये जाने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। विद्युत सम्बन्धी कार्यो हेतु 04 टीम के सापेक्ष केवल 01 टीम कार्यरत है। सभी पम्प हाउस में फ्लोमीटर, इलेक्ट्रिक केबल, रैम्प, दरवाजे मे खिड़की लगाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है। **17 OHT** के सापेक्ष सभी में **Down Pipe** लगाये जाने का कार्य, **20 mm dia GI Pipe Railing, Floor** एवं **Valve Chamber**, वाटर लेवल इंडीकेटर का कार्य पूर्ण नहीं किया गया है। **DI** पाइप लाइन मे 45 गैप है, जिससे सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय को **Functional** किये जाने का कार्य बाधित हो रहा है। 83 ग्राम के सापेक्ष मात्र 12 ग्राम में कमिशिनिग का कार्य किया गया है किन्तु किसी भी ग्राम में शतप्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिससे ग्रामों को हर घर जल किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है, जिससे जनपद की प्रगति प्रभावित हो रही है। इन्टेकवेल, डब्ल्यू0टी0पी0, सी0डब्ल्यू0आर0 एवं अवर जलाशय के अन्तर्गत शेष कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन कार्यो को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 630 मैनपावर के सापेक्ष मात्र 258 कार्यरत है।

दिनांक 31.12.2024 तक सभी गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन आदि समस्त कार्यो को पूर्ण करने हेतु मै0 बी0जी0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा विगत बैठकों में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, किन्तु निर्धारित कार्ययोजना के सापेक्ष कार्य नहीं किये गये हैं तथा गत 01 माह में प्रगति अत्यन्त कम है।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं कार्य में प्रगति लाने एवं कार्य को पूर्ण कराने का बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।

(कार्यवाही अपेक्षित–अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/श्री राजकुमार सैनी, पी0एम0, मै0 बी0जी0सी0सी0)

2–कोटा मु0 सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–

इन्टेकवेल मे पैनल अधिष्ठापन, **EOT Crane, SCADA** एवं विद्युत/यांत्रिक कार्य शेष है। डब्ल्यू0टी0पी0 में पैनल अधिष्ठापन, क्लोरिनेशन सिस्टम, पी0ए0सी0 डोजिंग एवं अन्य

07/01/2025

Scanned with OKEN Scanner

विद्युत/यॉत्रिक कार्य अत्यन्त धीमी गति से किये जा रहे है। योजना के तहत् 05 सी0डब्ल्यू0आर0 के सापेक्ष केवल 01 सी0डब्ल्यू0आर0 में वि/यॉ0 कार्य पूर्ण हैं तथा 04 सी0डब्ल्यू0आर0 में पैनल अधिष्ठापन, केबल ट्रे लगाये जाने एवं केबल विछाये जाने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। विद्युत सम्बन्धी कार्य हेतु 07 टीम के सापेक्ष केवल 01 टीम कार्यरत है। 17 OHT के सापेक्ष 08 ओएचटी में ही Down Pipe लगाये जाने का कार्य किया गया है, शेष 09 OHT का कार्य अत्यन्त धीमी गति से किया जा रहा है। सभी ओ0एच0टी0 के Down Pipe, Railing, Floor एवं Valve Chamber, Mane hole cover, Water level Indicator का कार्य शेष है। DI पाइप लाइन में 88 गैप है। वर्तमान तक 77 ग्राम के सापेक्ष केवल 04 ग्राम में कमिशिनिंग की गयी है तथा जलापूर्ति प्रारम्भ नहीं की गयी है, जिससे ग्रामों को हर घर जल किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। शेष अवर जलाशय का कार्य, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पम्प एवं पैनल अधिष्ठापन कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 670 मैनपावर के सापेक्ष केवल 180 कार्यरत है।

दिनांक 31.12.2024 तक सभी गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन आदि समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु मै0 बी0जी0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा विगत बैठकों में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, किन्तु निर्धारित कार्ययोजना के सापेक्ष कार्य नहीं किये गये हैं तथा गत 01 माह में प्रगति अत्यन्त कम है।

**3– मढ़ेपुरा सतही जल आधारित पाइप पेयजल योजना–**

इन्टेकवेल मे EOT Crane, SCADA, JJM Logo एवं पेन्टिंग का कार्य शेष है। डब्ल्यू0टी0पी0 में क्लोरिनेशन का कार्य एवं स्काडा अधिष्ठापन का कार्य शेष है। डब्ल्यू0टी0पी0 के अन्तर्गत जल परीक्षण प्रयोगशाला में जल नमूनों के परीक्षण हेतु आवश्यक सामग्री (Chemicals) उपलब्ध नहीं है। योजना के तहत् 06 सी0डब्ल्यू0आर0 के सापेक्ष केवल 01 सी0डब्ल्यू0आर0 में वि/यॉ0 कार्य पूर्ण है तथा 04 सी0डब्ल्यू0आर0 में पैनल अधिष्ठापन, केबल ट्रे लगाये जाने एवं केबल विछाये जाने का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। विद्युत सम्बन्धित कार्यों हेतु 05 टीम के सापेक्ष मात्र 01 टीम कार्यरत है। 12 OHT में केवल 05 का सिविल कार्य किया गया है। शेष 07 पर कार्य की गति अत्यन्त धीमी है। सभी ओ0एच0टी0 के Down Pipe, Railing, Floor एवं Valve Chamber, Mane hole cover, Water level Indicator का कार्य शेष है। DI पाइप लाइन में 55 गैप है। 69 ग्राम के सापेक्ष केवल 15 ग्राम में कमिशिनिंग का कार्य किया गया है किन्तु किसी भी ग्राम में शतप्रतिशत जलापूर्ति प्रारम्भ नही की गयी है, जिससे ग्रामों को हर घर जल किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। शेष अवर जलाशय का कार्य, ओएचटी को फंक्शनल किये जाने हेतु, गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग ,पम्प एवं पैनल अधिष्ठापन कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 710 मैनपावर के सापेक्ष केवल 160 कार्यरत है।

दिनांक 31.12.2024 तक सभी गैप क्लोजिंग, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन, कैनाल क्रासिंग, कमिशिनिंग, पैनल अधिष्ठापन आदि समस्त कार्यों को पूर्ण करने हेतु मै0 बी0जी0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा विगत बैठकों में प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी थी, किन्तु निर्धारित कार्ययोजना के सापेक्ष कार्य नहीं किये गये हैं तथा गत 01 माह में प्रगति अत्यन्त कम है।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।

(कार्यवाही अपेक्षित– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), जालौन/ अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम, ग्रामीण, झाँसी/श्री नागेश, पी0एम0, जी0वी0पी0आर0 इन्जीनियर्स लि0)

**4– 256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना–**

256 नग नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के अन्तर्गत 205 पम्प अधिष्ठापन का कार्य किया गया है, परन्तु स्टॉटर एवं पैनल अधिष्ठापन का कार्य नहीं किया गया हैं, जिससे ग्रामों को कमिशनिंग किया जाना सम्भव नहीं हो पा रहा है। 255 OHT के सापेक्ष 08 ओ0एच0टी0 में Raft Foundation हेतु पी0सी0सी0 का कार्य नही किया गया है। सभी ओएचटी में Stairs, 20 mm dia GI Pipe Railing, Floor एवं Valve Chamber बनाये जाने का कार्य पूर्ण नहीं है तथा ओएचटी को

Scanned with OKEN Scanner

फंक्शनल किये जाने हेतु मात्र एक टीम लगाई गई है, जिससे ग्राम के सभी घरों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। 256 पम्प हाउस के सापेक्ष 08 पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा दरवाजे, खिड़की, एप्रन, कट आउट, बाईपास चैम्बर निर्माण का कार्य एवं क्लोरीन डोजिंग सिस्टम, पैन्टिंग एवं वोल्टेज स्टेप लाईजर, गर्डर, पैनल लगाये जाने एवं अन्य वि0/यॉ0 कार्य पूर्ण नहीं हैं। 255 बाउन्ड्रीवॉल के सापेक्ष केवल 233 में ब्रिक वर्क का कार्य पूर्ण किया गया है परन्तु प्लास्टर एवं प्वांन्टिंग का कार्य पूर्ण नहीं है। 255 स्टॉफ क्वार्टर के सापेक्ष केवल 248 में Slab casting का कार्य किया गया है, परन्तु आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हैं।

256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाये जाने, सड़क पुर्ननिर्माण कार्य, कमिशिनिंग, गृह संयोजन आदि कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 1120 मैनपावर के सापेक्ष केवल 330 कार्यरत है। योजना के अन्तर्गत कमिशनिंग हेतु आवश्यक 18 टीम के सापेक्ष 05 टीम, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन हेतु आवश्यक 08 टीम के सापेक्ष 02 टीम एवं विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 18 टीम के सापेक्ष 02 टीम कार्यरत हैं।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों के सापेक्ष इण्टरलॉकिंग एवं खड़न्जा रोड़ पुनर्निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है। अतः एजेन्सी को 20 जनवरी, 2025 तक सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं बार–बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 व बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधियों को सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने, स्काडा अधिष्ठापन, शेष राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली की ज्वाइटिंग, गृह जल संयोजन के कार्य एवं नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने के कार्यो तथा सभी ग्रामों को "हर घर जल" कराये जाने हेतु आवश्यक मैनपावर एवं मशीनरी लगाते हुये अनुबन्ध की शर्तानुसार यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सभी कार्यो को मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु टी0पी0आई0 एवं जल निगम (ग्रामीण), जालौन को निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात बैठक समाप्त की गयी।

03/01/2025

(राजेश कुमार पाण्डेय)
जिलाधिकारी
जनपद–जालौन

## कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन।

पत्रांक 802/ / / /2024–25 दिनांकः– 08/01/2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अपर मुख्य सचिव महोदय, नमामिगंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, झांसी मण्डल, झांसी।
3. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. अपर जिलाधिकारी, (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), जालौन।
6. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम (ग्रामीण), झांसी को इस आशय से प्रेषित कि विद्युत/यांत्रिक सामग्री की आपूर्ति यथाशीघ्र कराते हुये अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।
8. टीम लीडर, पी0एम0सी, आरवी एसोसिएट्स–जालौन/लखनऊ।
9. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0–जालौन।

03/01/2025

जिलाधिकारी
जनपद–जालौन

Scanned with OKEN Scanner

फंक्शनल किये जाने हेतु मात्र एक टीम लगाई गई है, जिससे ग्राम के सभी घरों में जलापूर्ति नहीं हो पा रही है। 256 पम्प हाउस के सापेक्ष 08 पर कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है तथा दरवाजे, खिड़की, एप्रन, कट आउट, बाईपास चैम्बर निर्माण का कार्य एवं क्लोरीन डोजिंग सिस्टम, पैन्टिंग एवं वोल्टेज स्टेप लाईजर, गर्डर, पैनल लगाये जाने एवं अन्य वि0/यॉ0 कार्य पूर्ण नहीं हैं। 255 बाउन्ड्रीवॉल के सापेक्ष केवल 233 में ब्रिक वर्क का कार्य पूर्ण किया गया है परन्तु प्लास्टर एवं प्वांन्टिंग का कार्य पूर्ण नहीं है। 255 स्टॉफ क्वार्टर के सापेक्ष केवल 248 में Slab casting का कार्य किया गया है, परन्तु आन्तरिक विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण नहीं हैं।

256 नलकूप आधारित पाइप पेयजल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाये जाने, सड़क पुर्ननिर्माण कार्य, कमिशिनिंग, गृह संयोजन आदि कार्यों को पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 1120 मैनपावर के सापेक्ष केवल 330 कार्यरत है। योजना के अन्तर्गत कमिशनिंग हेतु आवश्यक 18 टीम के सापेक्ष 05 टीम, स्लूस वाल्व अधिष्ठापन हेतु आवश्यक 08 टीम के सापेक्ष 02 टीम एवं विद्युत यांत्रिक कार्य पूर्ण किये जाने हेतु आवश्यक 18 टीम के सापेक्ष 02 टीम कार्यरत हैं।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 द्वारा पाइप लाइन बिछाये जाने हेतु तोड़ी गयी सड़कों के सापेक्ष इण्टरलॉकिंग एवं खड़न्जा रोड़ पुनर्निर्माण का कार्य नहीं किया जा रहा है। अतः एजेन्सी को 20 जनवरी, 2025 तक सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी बी0जी0सी0सी0 को सभी समीक्षा बैठकों में लगातार दिये जा रहे निर्देशों के बावजूद कार्य में कोई प्रगति नहीं है, कार्य में कोई रूचि नहीं ली जा रही है एवं बार-बार झूठा आश्वासन दिया जा रहा है।

कॉन्ट्रेक्टिंग एजेन्सी जी0वी0पी0आर0 व बी0जी0सी0सी0 के प्रतिनिधियों को सभी ग्रामों में रोड रेस्टोरेशन का कार्य पूर्ण किये जाने, स्काडा अधिष्ठापन, शेष राइजिंग मेन एवं वितरण प्रणाली की ज्वाइटिंग, गृह जल संयोजन के कार्य एवं नियमित जलापूर्ति प्रारम्भ किये जाने के कार्यो तथा सभी ग्रामों को "हर घर जल" कराये जाने हेतु आवश्यक मैनपावर एवं मशीनरी लगाते हुये अनुबन्ध की शर्तानुसार यथाशीघ्र पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

सभी कार्यो को मानक एवं गुणवत्ता के अनुरूप सुनिश्चित करने हेतु टी0पी0आई0 एवं जल निगम (ग्रामीण), जालौन को निर्देशित किया गया।

तत्पश्चात बैठक समाप्त की गयी।

(राजेश कुमार पाण्डेय)
जिलाधिकारी
जनपद-जालौन

## कार्यालय जिलाधिकारी, जालौन।

पत्रांक 8021 / / / /2024-25 दिनांकः- 08/01/2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित-

1. अपर मुख्य सचिव महोदय, नमामिगंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. आयुक्त महोदय, झांसी मण्डल, झांसी।
3. प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
4. अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
5. अपर जिलाधिकारी, (नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति), जालौन।
6. अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), जालौन।
7. अधिशासी अभियन्ता (वि0/यॉ0), जल निगम (ग्रामीण), झांसी को इस आशय से प्रेषित कि विद्युत/यांत्रिक सामग्री की आपूर्ति यथाशीघ्र कराते हुये अधोहस्ताक्षरी को सूचित करें।
8. टीम लीडर, पी0एम0सी, आरवी एसोसिएट्स-जालौन/लखनऊ।
9. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, बी0एल0जी0-जालौन।
10. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजीनियर्स, लि0 हैदराबाद।
11. मै0 बी0जी0सी0सी0, प्रा0लि0, नई दिल्ली।

03/01/2025
जिलाधिकारी
जनपद-जालौन

Scanned with OKEN Scanner